गए और इन परियोजनाओं के लिये गये आवधिक ऋणों पर ब्याज की दर में 3 प्रतिशत की छूट दी गई है लेकिन इस पर यह शर्त है कि अन्ततः ब्याज दर 12 प्रतिशत या इससे अधिक रहे ।

(5) फरवरी 1993 में स्वदेशी राक फास्फेट और लौह-फाइराइटस के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आयात प्रतिस्थापन प्रोत्साहन देने संबंधी योजना की घोषणा की गई है ।

(6) इस समय निजी क्षेत्र में दो नये अमोनिया-यूरिया संयंत्र एक बबराला (उ. प्र.) में और एक शाहजहांपुर (उ. प्र.) में कार्यान्वित किए जा रहे हैं ।

(7) राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड (एन.एफ. एल.) और भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी समिति लिमिटेड (इफको) में क्रमशः बिजयपुर (म. प्र.) और आंबला (उ.प्र.) में गैस आधारित संयंत्रों की क्षमता को दुगना करने के लिए परियाजनाएं शुरू की हैं ।

(8) 1993–94 के दौरान डी.ए.पी. योगों और एस.एस.पी. के संबंध में विनियंत्रित उर्वरकों की बिक्री पर छूट स्वदेशी उत्पादन तक सीमित रखी गई थी ।

CBI Inquiry into Malpractices of DMS Tenders

7151. SHRI RAJNI RANJAN SAHU:
SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state;

(a) whether it is a fact that CBI is inquiring into the alleged malpractices in the granting of Milk Tenders in Delhi Milk Scheme during 1992, 1993 and 1994 so far;

(b) in how many cases reports have been presented by CBI indicating the status of each case; and

(c) how long it will take to finalise the inquiry?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) to (c) As per the information furnished by the Central Bureau of Investigation they are veryfying the complaint relating to the alleged malpractices in the award on contracts for supply of milk to Delhi Milk Scheme for the year 1993 only and that the matter is still under their verification.

कृषि के विकास के लिए आबंटन-राशि में कमी

7152. श्री राम जेठमलानी: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कृषि-विकास के लिए वार्षिक आबंटन राशि में पिछले कुछ वर्षों से निरन्तर कमी होती जा रही है ;

(ख) यदि नहीं, तो 1991–1992, 1992–93 और 1993–94 के वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ क्रमशः कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई थी ; और

(ग) यह धनराशि देश में इन वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कुल वार्षिक व्यय की राशि का वर्ष वार कितना-कितना प्रतिशत थी ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) से (ग) योजना आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 1991–92, 1992–93 और 1993 94 के दौरान देश में कृषि और उससे

संबंधित कार्यकलापों के विकास के लिए आवंटित की गयी राशि इस प्रकार है :–

कृषि और संबंधित कार्यकलापों (बानिकी और वन्यजीवन सहित) के अन्तर्गत स्वीकृत उपरिव्यय

(करोड़ रुपये में)

	केन्द्र	राज्य	संघ शासित क्षेत्र	योग
1991–92	1857.85	2565.21	50.04	4473.10
1992–93	1879.27	2784.83	46.18	4710.28
1993–94	2435.83	2921.54	51.56	5408.93

कुल (योजनागत आबंटन की तुलना में इन आबंटनों का प्रतिशत 6.18 (1991-92), 5.83 (1992–93) और 5.40 (1993–94) था ।

"पेप्सी डिसिरगार्डस फार्मर्स क्लेम्स"

7153. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 26 अप्रैल, 1994 के "स्टेट्समैन" में "पेप्सी डिसिरगार्डस फार्मस क्लेम्स" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि इस बहुराष्ट्रिक कम्पनी ने पंजाब में किसानों को झूठा आश्वासन देकर उन्हें भारी आर्थिक संकट में डाल दिया है ;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार भविष्य में किसानों के संरक्षण हेतु बहुराष्ट्रीक कम्पनियों अथवा अन्य ऐसे तत्वों का कृषि क्षेत्र में हस्तक्षेप समाप्त करने के लिए कोई कारगर कदम उठाने पर विचार कर रही है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) से (ङ) अपेक्षित जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

Criteria for fixing of support prices

7154. SHRI CHIMANBHAI MEHTA:
SHRI SHANKAR DAYAL SINGH:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what are the criteria, for fixing up support prices for agricultural commodities dike wheat, rice, sugar, pulses, edible oils etc;

(b) whether support price criteria takes into consideration various agro-climatic zones, if so, in what manner;

(c) whether support prices are interpretable as subsidies or they are the actual cost prices or the remunerative prices; and

(d) what is the relationship of international prices of the agricultural commodities with our local support prices?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) The Government decide on support prices for various agricultural commodities Bitter taking into account 'the recommendations of Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP), views of State Governments and Central Ministries as wall as such other